हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 27 मई 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

चौरेल शिविर में 1569 आवेदन प्राप्त, 1187 का मौके पर निराकरण 15


दिल्ली समागम से लौटे 556 जनजातीय प्रतिनिधियों ... 16




## खबर संक्षेप

### जंगलों में फेंकी 200 देशी आम की गुठलियां



**बालोद।** जिला मुख्यालय से लगे जंगलों में वीरेंद्र सिंह ने देशी आम के 200 गुठली को फेंका। उन्होने जिले वासियों से निवेदन किया कि आम, जामुन, करंज, नीम, गुलमोहर, अमलतास, के बीज को जंगल में फेंके बढ़ते गर्मी से मानव के साथ पशु, पक्षी, के लिये नुकसानदायक है।

### अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को मिला अतिरिक्त प्रभार

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आदेश जारी कर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को वर्तमान कार्य प्रभार के साथ–साथ छत्तीसगढ भू–राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2026 के तहत द्वितीय अपील में सुनवाई एवं निराकरण के लिए अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जारी आदेश में अपर कलेक्टर कौशिक को अपने वर्तमान कार्य प्रभार के साथ–साथ राजस्व अनुविभाग बालोद, गुण्डरदेही एवं डौण्डीलोहारा के राजस्व अधिकारियों द्वारा भू–राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत पारित आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत द्वितीय अपील में सुनवाई एवं निराकरण के लिए आदेशित किया गया है।

### जनसमस्या निवारण शिविर की तिथि बदली

**बालोद।** जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार 28 मई को बकरीद अवकाश के फलस्वरूप सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम फागुनदाह में आयोजित होने वाली जनसमस्या निवारण शिविर की तिथि को संशोधित कर शिविर आयोजन की तिथि 05 जून को निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के अनुसार ग्राम फागुनदाह में अब 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### लोहा पार करने वाले युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** मकान के बाहर रखे लोहे के सामान को पार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। नेवई पुलिस ने बताया कि उत्कल नगर स्टेशन मरोदा नेवई निवासी उदय ताण्डी ने शिकायत किया। जिसमें अपने मकान के बाहर दीवार से लगाकर लोहे का दरवाजा, 3 लोहे का एंगल, 2 लोहे का वेंटीलेटर रखा था। 23 मई को अज्ञात ने पार कर दिया। उक्त सामान 7 हजार रुपए का था। पुलिस ने जांच के बाद तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी संगम चौक स्टेशन मरोदा निवासी लक्की जैन उर्फ सुरेश जैन और डी ब्लॉक दक्षिण गंगोत्री सुपेला लव कुमार साहू को पकड़ा गया। पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया।

**कार्रवाई**

**नोटिस के बाद भी नहीं हटाया कब्जा, प्रशासन ने की कार्रवाई**

# सदर रोड पर चला बुलडोजर, 24 अतिक्रमित दुकानों पर जिला प्रशासन की कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार को सुबह से ही सदर रोड़ में प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर कार्यवाही की गई। जिसके तहत सदर रोड़ के 24 अतिक्रतिम दुकानो पर कार्यवाही की गई। कुल 104 चिन्हांकित अतिक्रमणकारी थे जिनमे 80 ने स्वतः ही अपने अतिक्रमण हटा लिए थे। शेश 24 पर आज प्रशासन ने कार्यवाही की।

जिला मुख्यालय में नेशनल हाईवे के अतिक्रमण को हटाने के बाद नगर प्रशासन द्वारा कठोर कदम उठाते हुए लगातार उठ रहे सदर रोड़ की अतिक्रमण को हटाने की मांग व चर्चा पर विराम लगाते हुए मंगलवार को बुलडोजर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में पुलिस प्रशासन के सुरक्षा व्यवस्था के बीच एडीएम चन्द्रकांत कौशिक की उपस्थिति में उपस्थित होकर कार्यवाही की गई। इस दौरान एसडीओपी बोनीफस एक्का, एसडीएम नुतन कंवर, नगर पालिका सीएमओ के साथ विद्युत विभाग की टीम एवं नगर पालिका की टीम सक्रिय रही। जहां कुछ दिनों पहले नगर पालिका द्वारा दिए गए नोटिस के बाद सदर बाजार के 80 दुकानदारो ने स्वयं से अपने दुकानो के सामने का अतिक्रमण हटा लिया था। मंगलवार को सुबह से ही जिला मुख्यालय के सदर रोड़ में अतिक्रमण की कार्यवाही करने के लिए पुराना बस स्टैण्ड से लेकर नयापारा तक के क्षेत्र का बिजली कट कर दी गई थी। जिसके बाद सुबह अधिकारी कर्मचारी बुलडोजर लेकर सदर रोड़ क्षेत्र में पहुंचे, जहां इसकी जानकारी लगते ही विभिन्न दुकानदार मौके पर पहुंचे तथा उनके समक्ष ही अधिकारी कर्मचारी द्वारा दुकानो में बुलडोजर की कार्यवाही की गई।

इस कार्यवाही में कई दुकानो में पुनः व्यवसाय संचालित करना असंभव होगा। क्योकि कई दुकानो के आधा से ज्यादा जगहो को तोड़ दिया गया है। इस दौरान कई दुकानदारो तथा अधिकारी कर्मचारी के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। दुकानदार दुकान में लगे सामानो को ले जाना चाहते थे लेकिन प्रशासन ने किसी की नही सुनी, प्रशासन का कहना था कि हमने आपको चिन्हांकित कर सामान सुरक्षित हटाने के लिए पर्याप्त समय दिया था। इस दौरान सुबह 5 बजे से लाईट बंद रही जिसके कारण लोगों को दिनभर दिक्कतो का सामना करना पड़ा। वही कई जगहो में लोगों को पानी के लिए भी भटकते देखा गया।

वही अब मांग उठने लगी है कि सदर रोड़ के आस पास लगे कई बिजली खंभे में फैले तार के जाल को समेटा जाए तथा व्यवस्थित रूप से खंभो को किनारे कर बिजली के तारो को भी व्यवस्थित किया जाए ताकि सदर मार्ग और व्यवस्थित व स्वच्छ नजर आए।

**खास बातें**

- 104 में से 80 दुकानदारों ने स्वयं हटाया अतिक्रमण, सुबह से बिजली बंद रहने पर लोगों को हुई परेशानी
- पुलिस सुरक्षा के बीच सदर रोड में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण रूप से गुरूवार 28 मई को ईद–उल–जुहा (बकरीद) के पर्व के आयोजन हेतु आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर तथा मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने संपूर्ण जिलेवासियों से बालोद जिले में 'सर्व धर्म समभाव' तथा यहाँ की विशिष्ट सामाजिक परंपरा के अनुरूप संपूर्ण जिले में आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द्र के साथ ईद–उल–जुहा (बकरीद) के पावन पर्व को मनाने की अपील की है। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि बालोद जिले में सभी धर्मों के पर्वों एवं उत्सवों के एक साथ मिलकर आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सद्भावना के साथ मनाने की बहुत ही विशिष्ट एवं सुंदर परंपरा है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि जिले के इस गौरवशाली परंपरा के अनवरत जारी रखते हुए जिले वासियों द्वारा आगामी 28 मई को ईद–उल–जुहा (बकरीद) के पर्व को एक साथ मिल–जुलकर मनाया जाएगा। कौशिक ने बकरीद के पर्व को सफलतापूर्वक आयोजन हेतु हर संभव मदद उपलब्ध कराने की बात कही। इस अवसर पर एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर ने 28 मई को ईद–उल–जुहा (बकरीद) के पर्व सफलतापूर्वक आयोजन हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा हर संभव मदद कराने का आश्वासन भी दिया।

- आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील

**ये रहे रहे उपस्थित**

बैठक में संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, उप पुलिस अधीक्षक बोनीफास एक्का, जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, शाहिद खान, मोहम्मद जुनैद कुरैशी, रवि प्रकाश पाण्डेय सहित शांति समिति के सदस्यो के अलावा सामाजिक प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल कीमतों के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

देश में लगातार बढ़ रही मंहगाई एवं पेट्रोल डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में ब्लॉक युवा कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष शैलेश मोनू ठाकुर के नेतृत्व में बस स्टैंड गुरूर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर ने कहा कि पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन, खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता परेशान है, ग्रीष्मकालीन फसल की कटाई के समय पेट्रोल डीजल के दाम में बढ़ोतरी से किसान वर्ग काफी परेशान है और अतिरिक्त ▶▶| शेष पेज 15 पर

- गुरूर बस स्टैंड में प्रधानमंत्री और पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन किया



## दल्लीराजहरा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में सोमवार को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को नए नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वच्छ और स्वस्थ शहर निर्माण को लेकर गंभीरता से चर्चा की गई तथा नागरिक सहभागिता को सबसे बड़ी ताकत बताया गया।

पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत लागू किए गए नए नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अब केवल गीले और सूखे कचरे तक सीमित व्यवस्था नहीं रहेगी, बल्कि कचरे को चार अलग-अलग श्रेणियों गीला, सूखा, सेनेटरी और विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट में पृथक कर संग्रहित किया जाएगा। इससे कचरा प्रबंधन अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बन सकेगा।

कार्यशाला में बड़े पैमाने पर कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों की सक्रिय भागीदारी, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल के डिजिटल पोर्टल, शिकायत निवारण व्यवस्था, सफाई मित्रों की सुरक्षा, नागरिक सहभागिता और जनजागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता, स्वच्छाग्रही चयन, स्वच्छता श्रमदान और व्यवहार परिवर्तन आधारित गतिविधियों के माध्यम से शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने की रणनीति पर भी जोर दिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ▶▶| शेष पेज 15 पर

- स्वच्छ शहर निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, पार्षद सुरेश जायसवाल, मेवालाल पटेल, भूपेंद्र श्रीवास, टी ज्योति, तरुण साहू, प्रदीप बाघ, रेखा सहारे, अरुणा रामटेके, पूनम सोरी, मोनिका, अनीता बाई, कार्यपालन अभियंता नित्यानंद उपाध्याय, जिला समन्वयक विक्रांत साहू, स्वच्छता प्रभारी सतीश चंद्राकर, भंडार प्रभारी पंकज चंद्राकर सहित पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**46 हजार से अधिक सक्रिय श्रमिकों का सत्यापन, योजना में बढ़ेगी पारदर्शिता**

## गुरूर विकासखंड में मनरेगा श्रमिकों का 100 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण

हरभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर




जनपद गुरूर के सक्रिय मनरेगा श्रमिको का 100 प्रतिशत ई–केवायसी पूर्ण हो गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत पंजीकृत समस्त श्रमिकों का ई–केवाईसी के माध्यम से श्रमिक परिवार एवं जॉब कार्ड सत्यापन अभियान भारत सरकार के निर्देशानुसार निरंतर संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मनरेगा अंतर्गत पंजीकृत वास्तविक एवं सक्रिय श्रमिकों का सत्यापन कर योजना में पारदर्शिता लाना,फर्जी जॉब कार्डों पर रोक लगाना तथा पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रोजगार एवं मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में विकासखंड गुरूर में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए कुल 46,213 सक्रिय श्रमिकों का ई–केवाईसी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों, रोजगार सहायकों, ग्राम पंचायत सचिवों तथा तकनीकी अमले के संयुक्त प्रयास से यह कार्य अभियान स्तर पर तेजी से संपादित किया गया। वर्तमान में विकासखंड गुरूर की 77 ग्राम पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत 161 विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 12,642 श्रमिक नियोजित होकर कार्य कर रहे हैं। इन कार्यों में श्रमिकों की उपस्थिति भारत सरकार के निर्देशानुसार एनएमएमएस मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज की जा रही है। इससे श्रमिकों की उपस्थिति का ऑनलाइन एवं वास्तविक समय में सत्यापन संभव हो रहा है तथा कार्यस्थल पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो रही है।

मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों में मुख्य रूप से जल संरक्षण, टेच निर्माण , लूज बोल्डर चेक डेम, परकोलेशल टैंक, तालाब निर्माण, वृक्षारोपण एवं अन्य ग्रामीण अधोसंरचना विकास कार्य शामिल हैं। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार सृजन के साथ–साथ स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ई–केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण होने से श्रमिकों को भविष्य में भुगतान, उपस्थिति एवं योजना संबंधी सुविधाओं का लाभ अधिक सुगमता से प्राप्त होगा। साथ ही डिजिटल प्रणाली के माध्यम से मनरेगा कार्यों की सतत निगरानी भी संभव हो सकेगी।



**खबर संक्षेप**

### गोल्डन ब्वाय भूपत ने कुडो में जीते 5 गोल्ड मेडल



दुर्ग। गोल्डन ब्वाय ऑफ छत्तीसगढ़ भूपत साहू ने चौथे कुडो नेशनल चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ को 5 गोल्ड मेडल दिलाए हैं। प्रतियोगित पुणे मिलिट्री स्कूल पुलगांव महाराष्ट्र में आयोजित ककी गई। इस उपलब्धि पर कोच लीलिमा सोनी, राजा कौशल, आशीष प्रेरणा सुराना ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि सपने वही सच होते हैं, जिनके लिए खिलाड़ी दिन-रात मेहनत और अनुशासन के साथ लड़ता है। छत्तीसगढ़ के हर युवा के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। कुडो में लगातार मिल रही राष्ट्रीय सफलताएं यह साबित कर रही हैं कि सही अनुशासन और गाइडेंस बच्चों को चैम्पियन बनाती है। आज छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी देशभर में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं।

### रक्त दानदाताओं को किया गया सम्मानित



दुर्ग। जिला अस्पताल या अन्य जरूरत मंदों को निरन्तर रक्त दान कर रहे युवा जिन्होंने अब तक 26 बार ब्लड डोनेट किया। रामनगर निवासी कन्हैया चन्द्राकर राम नगर निवासी को उनके निस्वार्थ इन्सानियत व परोपकार के लिये संस्था सेवा-सतसंग-परिवार द्वारा तिलक से अभिनंदन कर साल श्री फल, पुष्प माला, समृति चिन्ह, भगवत गीता, डायरी, पेन व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। राकेश यादव का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मोहन चंद्राकर, बृजमोहन वर्मा, प्रशांत वर्मा, राकेश सोनी, मुकेश सोनी, हर्ष सोनी, दीपक सोनी, राजू चंद्राकर, नरेश साहू, नामदेव गुरुग, संदीप अग्रवाल आदि अन्य उपस्थित थे।

# खुर्सीपार के सड़क-6 में चल रहा था जुआ, 96 हजार कैश जब्त, 5 गिरफ्तार

## पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा, कार, बाइक, मोबाइल भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शहर में लंबे समय से जुआ का खेल चल रहा है। लगातार शिकायतों और कार्रवाई के बाद भी पुलिस इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। विशेष रूप से शनिवार और रविवार के दिन दुर्ग और भिलाई जुआ के फड़ सज रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायत के बाद पुलिस ने खुर्सीपार क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो कार, दो बाइक, मोबाइल और 92615 रुपए कैश जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एवं धारा 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत सड़क एवेन्यू क्वार्टर नंबर 6 स्थित मकान में कुछ व्यक्ति रूपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसीसीयू और खुर्सीपार पुलिस की टीम ने मौके पर घेराबंदी की। कार्यवाही के दौरान मकान के अंदर जुआ खेलते एवं खिलाते पांच व्यक्तियों को पकड़ा गया। मौके से नगदी रकम, ताश पत्ती, कार, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं जुआ फड़ संचालन में प्रयुक्त सामग्री जब्त किया गया। पकड़े गए आरोपियों में सड़क दो निवासी जानकी रमैया उम्र 60 वर्ष, काली मंदिर के पास के रहने वाले जितेंद्र सिंह उम्र 58 वर्ष, दुर्गा नगर निवासी अशोक कुमार सोनी उम्र 45 वर्ष, सपना टॉकीज के पास रहने वाले मोहम्मद अनीस उम्र 51 वर्ष, जोन-1 निवासी रवि कुमार उम्र 50 वर्ष को पुलिस ने पकड़ा।





### दुर्ग में भी सज रहा फड़, नदी किनारे रहता है जमघट

दुर्ग में महमरा एनीकट, छातागढ़, मोहलाई, खंडेलवाल कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, मिलपारा सहित अन्य जगहों पर हर संडे फड़ सज रहे हैं। नदी किनारे कई अन्य जगहों पर खुलेआम जुआ खेला जा रहा है। बावजूद इसके अब तक ऐसे मामलों में पुलिस कार्रवाई नहीं कर पाई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुए की शिकायत समान्य हो गई है। इधर दुर्ग पुलिस ने ऐसे सारे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए आम नागरिकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि आर्थिक लेन-देन का नियमित सत्यापन एवं निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता की सूचना तत्काल पुलिस को दें। आर्थिक अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बारिश से पहले जल को संरक्षित करने बनाए जा रहे छोटे-बड़े स्टोरेज सेंटर

# 24.18 करोड़ के 3923 कामों को मिली मंजूरी हर दिन 68 हजार मजदूरों को मिल रहा काम

## दुर्ग में सबसे ज्यादा 8.99 करोड़ के कामों को किया गया है प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से ग्रामीण श्रमिकों को लगातार रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले की ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों से हजारों परिवारों को आजीविका का सहारा मिल रहा है, वहीं जल संरक्षण एवं ग्रामीण अधोसंरचना विकास को भी मजबूती मिल रही है।

वर्तमान में जिले में प्रतिदिन 68 हजार 641 श्रमिक मनरेगा कार्यों में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। जिले की ग्राम पंचायतों में कुल 3923 निर्माण कार्य संचालित हैं तथा मांग के आधार पर प्रतिदिन नए श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद पंचायतवार देखें तो जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत 1048 कार्यों में 15 हजार 227 श्रमिक कार्यरत हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत 1687 कार्यों में 29 हजार 695 श्रमिक तथा जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत 1188 कार्यों में 23 हजार 719 श्रमिक रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।





### 24 करोड़ से अधिक का भुगतान

कुल 24 करोड़ 12 लाख 53 हजार रुपये की मजदूरी राशि जनपद पंचायतों एवं क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से भुगतान की जा चुकी है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत दुर्ग में 8 करोड़ 99 लाख 78 हजार रुपये, जनपद पंचायत धमधा में 6 करोड़ 69 लाख 48 हजार रुपये तथा जनपद पंचायत पाटन में 6 करोड़ 28 लाख 98 हजार रुपये की राशि संबंधित श्रमिकों के खातों में जमा की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से 2 करोड़ 14 लाख 29 हजार रुपये की मजदूरी राशि का भी भुगतान किया जा चुका है।

### तालाब निर्माण, गहरीकरण और डबरी बनाने का किया जा रहा काम

ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में अमृत सरोवर निर्माण, नवीन तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग टैंक, कच्ची सिंचाई नाली निर्माण एवं अन्य मजदूरी मूलक कार्य प्राथमिकता से संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों से एक ओर ग्रामीण श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन एवं कृषि कार्यों के लिए स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण भी हो रहा है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जॉब कार्डधारियों को लगातार रोजगार उपलब्ध कराने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं मैदानी अमले को श्रमिकों की मांग के अनुसार तत्काल कार्य उपलब्ध कराने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बदल जाएगा नाम जीरामजी के नाम से मिलेगी पहचान

मनरेगा के नाम में परिवर्तन किया जा रहा है। जल्द ही इसे जीरामजी के नाम पर पहचाना जाएगा। प्रशासन द्वारा श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु बैंक खाते एवं आधार सत्यापन कार्य को भी प्राथमिकता से पूर्ण किया गया है। इससे मजदूरी राशि सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है तथा भुगतान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनी है। इसके साथ ही श्रमिकों को अधिकतम 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2026-27 में जिले में बड़े पैमाने पर मजदूरी मूलक निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जनपद पंचायत दुर्ग में 73 निर्माण कार्यों हेतु 587.41 लाख रुपये, धमधा में 61 निर्माण कार्यों हेतु 475.17 लाख रुपये तथा पाटन में 154 निर्माण कार्यों हेतु 1356.28 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस प्रकार जिले में कुल 288 निर्माण कार्यों के लिए 2418.86 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

## अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह को पकड़ने पुलिस बनी जनगणना अधिकारी व बकरा विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

▪ सनेहरूनगर व पद्मनाभपुर में हो रही सिलसिलेवार चोरी की घटनाओं का भंडाफोड़

नेहरूनगर क्षेत्र में हो रही सिलसिलेवार चोरी की घटनाओं का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी नासिर हुसैन को शाहीनबाग दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उसे पकड़ने के लिए दुर्ग पुलिस ने करीब 15 दिनों तक उसकी रेकी की। इतना ही नहीं जनगणना अधिकारी और बकरा विक्रेता बनकर लगातार उसके आसपास पतासाजी की गई। यमुना एक्सप्रेस में करीब 300 किलोमीटर तक पीछा किया गया। इसके बाद आरोपी की घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। बता दें कि मामले में तीन आरोपी हाशिम पिता जब्बार निवासी शालीमार गेट मेरठ एसके ज्वेलर्स, सलीम पिता अब्बास उम्र धारा चौक मेरठ एवं शाहिल बिलासपुर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके पास से करीब 60 लाख रुपए का सोना जब्त किया गया है। मई माह के प्रथम सप्ताह में सुपेला थाना अंतर्गत नेहरू नगर और पद्मनाभपुर में हो रही चोरियों के मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मामले में आरोपी हासिम खान को 17 मई को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के साथ चोरी का जेवर खरीदने वाले ज्वेलरी शाप संचालक सलीम खान निवासी मेरठ को पकड़ा गया। घटना में शामिल फरार आरोपी कुख्यात एवं शातिर आरोपी नासिर हुसैन नोएडा क्षेत्र जैसे घनी आबादी, संकरी गलियों तथा बहुमंजिला फ्लैटों वाले क्षेत्रों में लगातार ठिकाना बदलकर छिपा हुआ था।

नासीर हुसैन के संबंध में पर्याप्त जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस टीम ने अत्यंत पेशेवर एवं गोपनीय तरीके से क्षेत्र में काम प्रारंभ किया।

### जरूरत के अनुसार समय पर खाद व डीजल उपलब्ध कराए सरकार : राजकुमार गुप्त

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा फर्टिलाइजर का आबंटन कम करने और डीजल संकट के कारण चालू खरीफ सीजन में खेती किसानी करना कठिन हो रहा है। हर प्रकार से प्रयास करने के बावजूद खेती का रकबा और खाद्यान्न सहित अन्य उपजों का उत्पादन 50% तक कम होने की आशंका है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक एड राजकुमार गुप्त ने कहा कि खेती से आमदनी से किसान वंचित हो सकते हैं, मंहगाई में घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि फर्टिलाइजर और उर्जा संकट के लिए किसान जिम्मेदार नहीं हैं लेकिन इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि किसानों को आवश्यकता के अनुसार समय पर फर्टिलाइजर और डीजल उपलब्ध कराए।

## झीरम घाटी हादसे के दिवंगत कांग्रेस नेताओं को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



दुर्ग। शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ने 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सली हमले में मरने वाले कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया गया।

बाकलीवाल ने कहा कि हम सभी के लिए अत्यंत भावुक और गंभीर है। आज हम यहां किसी उत्सव के लिए नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ महतारी के उन वीर सपूतों को याद करने और उनके चरणों में अपने श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए एकत्र हुए हैं, जिन्होंने प्रदेश की माटी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। झीरम घाटी का वह मंजर याद करके आज भी रूह कांप उठती है। वह केवल एक हमला नहीं था, वह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था और छत्तीसगढ़ की शांति पर हुआ एक कायरतापूर्ण प्रहार था। लेकिन हमारे नेताओं ने पीठ नहीं दिखाई, वे लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। जननेता स्व. नंदकुमार पटेल को जिनकी संगठनात्मक क्षमता और सौम्य मुस्कान आज भी हमारे दिलों में जिंदा है। हम नमन करते हैं। बस्तर के टाइगर' कहे जाने वाले स्व. महेंद्र कर्मा जी को, जिन्होंने बस्तर की जनता की सुरक्षा के लिए अपनी अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ी। हम याद करते हैं स्व. उदय मुदलियार के उस संघर्षशील जीवन को, जिन्होंने हमेशा जनता की आवाज को बुलंद किया। उनके साथ ही, उस काली रात में शहीद हुए हमारे अन्य सभी नेता, सुरक्षा बल के जवान और कार्यकर्ताओं का बलिदान यह देश और यह प्रदेश कभी नहीं भूल सकता। इन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि सिर्फ फूल चढ़ाने से नहीं होगी। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तब मिलेगी, जब हम उनके दिखाए रास्ते पर चलेंगे। दो मिनट का मौन रखकर सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### कबाड़ हो रहे 22 वाहनों की ऑनलाइन नीलामी, 5.50 लाख कोष में कराए जमा





दुर्ग। दुर्ग पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई के दौरान जब्त 22 वाहनों की एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नीलामी की। इस दौरान मिले 5.50 लाख रुपए राजकोष में जमा कराए गए। दुर्ग पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रकरणों में जप्त वाहनों की ऑनलाइन नीलामी एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से संपन्न कराई गई। नीलामी प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई, जिसमें कुल 22 जप्त वाहनों को शामिल किया गया। इन वाहनों में 10 दोपहिया एवं 12 चारपहिया वाहन सम्मिलित रहे। दुर्ग पुलिस द्वारा बताया गया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध मादक पदार्थ कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला दुर्ग पुलिस द्वारा संपूर्ण नीलामी प्रक्रिया को एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में पुलिस लाइन और डीसीआरबी शाखा एवं सम्बन्धित थाना के पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# संयुक्त एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य कार्यों का विभाजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

▪ लिंक अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई

कलेक्टर अभिजित सिंह ने जिला कार्यालय में पदस्थ संयुक्त कलेक्टरों एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य पूर्व में जारी सभी कार्य विभाजन आदेशों को अधिक्रमित करते हुए नया कार्य विभाजन किया है। नए विभाजन के तहत अधिकारियों की जिम्मेदारियों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संयुक्त कलेक्टर शिल्ली थॉमस को अधीक्षक, वित्त-स्थापना शाखा, नोडल अधिकारी पेंशन, प्रस्तुतकार शाखा न्यायालय कलेक्टर दुर्ग, भू-अभिलेख शाखा, डायवर्सन शाखा, सहायक अधीक्षक राजस्व, राजस्व मोहर्रिर शाखा, राजस्व लेखा शाखा, बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन, सूखा राहत शाखा, पर्यावरण अधोसंरचना मद का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही वे जिला नाजिर शाखा सहित पीजीएन एवं शासन से प्राप्त शिकायत आवेदनों का निराकरण, शपथ पत्र एवं प्रमाण पत्र सत्यापन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, नोडल अधिकारी व्यापम एवं परीक्षा प्रभारी, नोडल अधिकारी दिव्यांगजन शिकायत निवारण, नोडल अधिकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल, मुख्यमंत्री सहायता, संजीवनी कोष, स्वेच्छानुदान, जनसंपर्क शाखा, नोडल अधिकारी सेवोत्तम अभियान, चिप्स परियोजना, चॉइस सेंटर के संचालन का कार्य संभालेंगी। वहीं, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी को प्रोटोकॉल अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार, संयुक्त कलेक्टर महेश सिंह राजपूत को अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई नगर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जिसके तहत वे भिलाई नगर, भिलाई भट्टी और नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के तहत दाण्डिक प्रकरणों का निपटारा करेंगे तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था व शांति कायम रखेंगे। साथ ही उन्हें अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जिसके तहत वे थाना छावनी, सुपेला, खुर्सीपार और जामुल क्षेत्र के बीएनएसएस के दाण्डिक प्रकरणों का निष्पादन और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे।

डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार ध्रुव को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग शहर का दायित्व सौंपा गया है, जिसके अंतर्गत वे थाना दुर्ग, मोहन नगर, पद्मनाभपुर एवं जीआरपी दुर्ग क्षेत्र के भारतीय बीएनएसएस की धाराओं के तहत दाण्डिक प्रकरणों का निराकरण और कानून व्यवस्था बनाए रखने का कार्य करेंगे। इसके अलावा वे सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी, आवास आवंटन शाखा, वरिष्ठ लिपिक-1, 2, 3 शाखा, सीएम घोषणा शाखा सहित फाइल होल्डर संबंधी कार्यों का संपादन करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी अधिकारियों को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का भी निर्वहन करना होगा। कार्यों के सुचारू संचालन के लिए लिंक अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है, जिसके अनुसार संयुक्त कलेक्टर शिल्ली थॉमस के लिंक अधिकारी डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार ध्रुव होंगे। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी के लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्टर महेश सिंह राजपूत, संयुक्त कलेक्टर महेश सिंह राजपूत की लिंक अधिकारी शिल्ली थॉमस और डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार ध्रुव के लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्टर शिल्ली थॉमस होंगी।

## चुनाव को लेकर पूरे समय बनी रही गहमागहमी

# साई मंदिर समिति के धनेंद्र अध्यक्ष और धीरेंद्र बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

▪ आगामी तीन वर्षों के लिए हुआ है निर्वाचन

सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति श्री साई मंदिर सिविल लाइन कसारीडीह दुर्ग के सत्र 2026-30 के चुनाव में अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल और सचिव धीरेंद्र शर्मा निर्वाचित घोषित किए गए हैं। रविवार को मतदान के जरिए हुए चुनाव में श्री चंदेल ने श्रीकांत समर्थ को 28 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल को 88 वोट मिले, जबकि श्रीकांत समर्थ ने 60 वोट प्राप्त किया। इसी प्रकार सचिव पद पर धीरेंद्र शर्मा ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने सुधीर वाघ को 40 मतों से शिकायत दी। नवनिर्वाचित सचिव धीरेंद्र शर्मा ने चुनाव में 95 वोट हासिल किया, वहीं सुधीर वाघ को 55 वोटो से ही संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के 5 और सचिव पद के 3 वोट निरस्त किए गए। चुनाव में कुल 176 मतदाता सदस्यों में से 153 मतदाताओं ने उत्साह साथ हिस्सा लिया और अपना नया अध्यक्ष और नया सचिव चुनने में निर्णायक भूमिका निभाई। श्री साई मंदिर समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल इसके पहले लगातार 4 बार सचिव पद पर रहे चुके हैं। उन्होंने इस चुनाव में दो बार के अध्यक्ष रहे श्रीकांत समर्थ को हराया।



### पूर्व विधायक और पूर्व मेयर ने दी शुभकामनाएं

चुनाव को लेकर मंदिर परिसर में पूरे समय गहमागहमी बनी रही। नवनिर्वाचित सचिव धीरेंद्र शर्मा इसके पूर्व समिति के उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। यह चुनावी प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश दीक्षित के मार्गदर्शन और सहायक चुनाव अधिकारी संतोष यदु, जयंत खिरोड़कर, नारायण दत्त तिवारी के देखरेख में पूरी की गई। देर शाम परिणामो की घोषणा की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल और सचिव धीरेंद्र शर्मा पैनल के समर्थकों ने जीत पर ढोल बाजा की धुन में नाच गाकर एवं आतिशबाजी कर जमकर अपनी खुशियां मनाई। इस ऐतिहासिक जीत पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री चंदेल और सचिव श्री शर्मा को बधाईयों का ताता लगा हुआ है। जीत पर उन्हें सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष राजीव पांडेय समाजसेवी राकेश शर्मा, दुर्ग प्रेस क्लब अध्यक्ष अरुण मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, पूर्व सभापति राजेश यादव, कांग्रेस नेता अजय शर्मा, मनोहर सोनी, अल्ताफ अहमद, पार्षद प्रकाश गीते, दीपक साहू, संजय अग्रवाल, कंचन शुक्ला, संजय डहरवाल, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष राकेश सेन, शीतला मंदिर समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, पवन बड़जात्या सहित अन्य ने बधाई दी।

## पीएम सूर्यघर योजना के लिए उपभोक्ताओं ने कराया रजिस्ट्रेशन



दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग टाउन जोन के पुराना गंज मंडी प्रांगण दुर्ग में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने के फायदे और योजना से मिलने वाली सब्सिडी व लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत पावर कंपनी द्वारा सौर माह 1 मई से 31 मई तक के रूप में मनाया जा रहा है। शिविर में लगभग 35 उपभोक्ताओं ने योजना की बारीकियों को समझा व अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की इच्छा जताई। अधिकारियों की मौजूदगी में ऑन-स्पॉट कार्रवाई करते हुए 12 उपभोक्ताओं का वेंडर के माध्यम से योजना के अंतर्गत सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन भी कराया गया।

## खबर संक्षेप

### आंधी-तूफान से गिरे पेड़ निगम अमले ने हटाया

**भिलाई।** भीषण गर्मी के बीच अचानक बदले मौसम और तेज आंधी-तूफान ने शहर में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के कई स्थानों पर बड़े और छोटे पेड़ सड़कों पर गिर गए थे जिससे आवागमन बाधित हो गया था। कई मार्गों पर यातायात प्रभावित होने से नागरिकों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी-तूफान के दूसरे दिन नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और गिरे हुए पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू किया। निगम कर्मचारियों द्वारा जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से सड़कों को साफ कर यातायात बहाल किया गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर पेड़ हटाने और मार्गों को सुचारू बनाने का कार्य किया गया, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निगम की त्वरित कार्रवाई से शहर में यातायात व्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य हो गई।

### मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने दवा का छिड़काव

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया और अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रतिदिन अलग-अलग जोनों के वार्डों में अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नालियों, कूलरों, बाथरूमों और अन्य जलभराव वाले स्थानों पर पहुंचकर मच्छर उन्मूलन कार्य की जा रही है। इसके तहत मैलाथियान, टेमिफास व जला ऑयल का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें। कूलरों की नियमित सफाई करें।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**भिलाई।** भाजपा जिला भिलाई द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह द्वारा ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात प्रदर्शनी प्रमुख एवं टोली द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया।

## पेज 13 के शेष

### दल्लीराजहरा में ...

सीमा बक्शी ने बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा लागू किए गए यह नियम एक अप्रैल 2026 से पूरे देश में प्रभावशील हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य कचरा प्रबंधन की वैज्ञानिक व्यवस्था को मजबूत करना, अपशिष्ट का सुरक्षित एवं स्थायी निपटान सुनिश्चित करना तथा नागरिकों में "मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी" की भावना विकसित करना है।

### बढ़ती महंगाई और ...

आर्थिक बोझ में दबते जा रहा है। युवा कांग्रेस ने सरकार से पेट्रोल डीजल के दाम तत्काल कम करने एवं महंगाई पर नियंत्रण करने की मांग की। इस अवसर पर प्रमुख रूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुमीत राजपूत, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश देवागन, ब्लॉक कांग्रेस सचिव तुलेश सिन्हा, कुलदीप साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस गजेन्द्र मंडावी, युवा नेता हिमांशु लावत्रे, एनएसयूआई अध्यक्ष अभिषेक साहू, विक्की सिन्हा, नीरज साहू, महेंद्र कोटेलांग, सेक्टर प्रभारी सोमनाथ साहू, रवि साहू, टीकम जोशी, पीलू राम साहू, टक्कू मंडावी सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आयोजन : सुशासन तिहार में हितग्राहियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

# चौरेल शिविर में 1569 आवेदन प्राप्त 1187 का मौके पर निराकरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चौरेल में जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1569 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 1187 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

शिविर में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर, उपाध्यक्ष नीतिश मोंटी यादव, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, मीना साहू एवं अन्य अतिथियों के द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल एवं आईस बॉक्स का वितरण किया गया।

इसी तरह समाज कल्याण विभाग अंतर्गत श्रवण यंत्र एवं छड़ी, स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र एवं केसीसी कार्ड का वितरण किया। इसके अलावा शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



विधायक कुंवर सिंह निषाद ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों को सुशासन तिहार के दौरान आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जिससे कि सुशासन तिहार का आयोजन सार्थक हो सके। इस मौके पर कुंवर सिंह निषाद ने शिविर में उपस्थित लोगों को नीर चेतना अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। वीरेन्द्र साहू ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए संकल्पित है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि जल का हम सभी के जीवन में महत्व है। हमें जल का समुचित उपयोग सुनिश्चित करना है तथा वर्षा जल के संचयन हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। इसके लिए हमें घर–घर सोख्ता गड्ढा का निर्माण कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना है।

शिविर में ग्रामीण महिलाओं द्वारा नीर चेतना अभियान के अंतर्गत पानी के महत्व के संबंध में आम जनता को जानकारी प्रदान करने हेतु नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। स्कूली बच्चों द्वारा नशामुक्ति हेतु नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया गया।

उल्लेखनीय है कि चौरेल में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम चंदनबिरही, चिचलगोंदी, रौना, कान्दुल, परसतराई, रैहची, कोटगांव, सनौद, डुंडेरा, नवागांव डु, बासीन, पिरीद, कुरदी, चौरेल, कोंगनी, कमरौद, धनगांव, खेरूद, कोड़ेवा और खुटरी (खे) ग्राम पंचायतों के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



# महिला कांग्रेस ने शुरू किया सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला महिला कांग्रेस द्वारा महिला कांग्रेस का सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया। लंबे अंतराल के बाद आधी आबादी को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़कर सक्रिय करने की पहल प्रारंभ हुई।

विधायक संगीता सिन्हा ने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश की आधी आबादी के हित में, उनकी सार्वजनिक जीवन में सक्रिय सहभागीता व भूमिका के लिए जोड़कर कार्य करने की बात कही थी। जिला में मंगलवार को जिला महिला कांग्रेस की सदस्यता अभियान की शुरूवात प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने किया। संगीता सिन्हा ने कहा जिला, ब्लाक, सेक्टर व बूथ स्तर तक महिलाओ को जोड़कर उन्हे सक्रिय किया जाएगा। ऐसा करने से जहां महिलाएं खुलकर अपनी बाते रख सकेगी, वही कांग्रेस का जनाधार बढ़ने के साथ कांग्रेस की विचारधारा को बूथ स्तर तक पहुंचाने में आसानी होगी। संगीता सिन्हा ने बताया कि सदस्यता अभियान पूरे प्रदेश स्तर में चलाया जाएगा। इसकी शुरूवात यहां हो गई है। सदस्यता अभियान प्रारंभ करने के साथ ही महिला कांग्रेस ने मंगलवार को 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को पोष्टकार्ड लिखा है। महिला कांग्रस की प्रत्येक सदस्य ने एक एक पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री को लिखते हुए मांग की है कि महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण आज और अभी से लागू किया जाए।

महिला कांग्रेस ने महिलाओ के स्वास्थ को दृष्टिगत रखते हुए महिलाओ को सेनेटरी पेड का वितरण भी किया। इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरे व कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# खाद संकट को लेकर कांग्रेस का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

- किसानों को मांग के अनुरूप खाद देने की मांग, गुदुम सोसाइटी में लंबी कतारों पर जताई चिंता



जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के मीडिया प्रभारी बिरेंद उसेंडी ने जिले में खाद संकट को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए किसानों की समस्याओं पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आम किसान तपती धूप में घंटों गुदुम सोसाइटी में खाद के लिए लाइन लगाने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा तय लिमिट के अनुसार किसानों को सीमित मात्रा में खाद दिया जा रहा है, जिससे किसानों को खेती के लिए आवश्यक खाद नहीं मिल पा रहा। बिरेंद उसेंडी ने कहा कि यदि किसानों को मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो इसका सीधा असर धान उत्पादन पर पड़ेगा और किसान आर्थिक संकट का सामना करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि मानसून आने वाला है, लेकिन जिले के अधिकांश किसानों को अब तक पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं हो पाया है। ऐसे समय में किसान परेशान हैं और सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने मांग की कि सभी किसानों को मानसून पूर्व पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे समय पर बोआई और खेती का कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान क्षेत्र में किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ना दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है और प्रशासन को तत्काल व्यवस्था सुधारने की जरूरत है।

# जिला ब्राह्मण समाज ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का किया सम्मान

## बालोद को देश के शीर्ष 100 जिलों में स्थान मिलने पर जताया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला ब्राह्मण समाज द्वारा विप्र गौरव से दिव्या उमेश मिश्रा कलेक्टर बालोद का अभिनंदन किया। देश के 800 जिलों में उत्कृष्ठ प्रथम 100 जिलों में शामिल कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का अभिनंदन करते हुए ब्राह्मण समाज ने सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश देते हुए नदी स्वच्छता, जल संरक्षण और पौधरोपण पर की सराहना और भरपूर सहयोग का भरोसा दिया।

जिला ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात कर देश के 800 जिलों में उत्कृष्ठ प्रथम 100 जिलों में बालोद जिले को मिले सम्मान हेतु उनका अभिनंदन करते हुए विप्र गौरव का सम्मान दिया। जिला ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अटल दुबे, असीम दिवान, राजेश दिवान, जितेंद्र शर्मा, धीरज उपाध्याय, विकास शर्मा सहित अन्य विप्र पदाधिकारी इस प्रतिनिधि मंडल में सम्मलित थे। इस दौरान समाज ने कहा ब्राह्मण जब स्वास्ति वाचन करता है तो सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगल कामना करता है। ब्राह्मण अपना जीवन, देश, अध्यात्म, धर्म और समाज को सकारात्मक दिशा देने में व्यतीत कर देता है।



जब विप्र समाज का कोई व्यक्ति अपनी प्रतिभा और क्षमता से सम्पूर्ण समाज और मानव कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य करता है वह स्वमेव ही विप्र गौरव का अधिकारी होता है। इसी उद्देश्य से आज बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का सम्मान किया गया, जिनके कुशल मार्गदर्शन बालोद उत्तरोत्तर प्रगति पथ के नित नए सोपान गढ़ रहा है।

# संघ और योग आयोग से जुड़ा रहा रूपनारायण सिन्हा का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संभागीय संगठन मंत्री एवं योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का आकस्मिक निधन हो गया। उन्हें बिलासपुर में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में अचानक सीने में दर्द हुआ, जहां से सिम्स हास्पिटल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका, इस खबर से भाजपाईयों और समाज के लोगों में शोक की लहर फैल गयी।

स्व. सिन्हा जी को श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा नेता व राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने बताया कि, सिन्हा जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र व समाज के सेवा में समर्पित रहा। वें राष्ट्रीय स्वयं सेवक के प्रचारक के रूप सम्पूर्ण प्रदेश का प्रवास किया। भाजपा के विधानसभा चुनाव में 45 विधानसभा का प्रभारी बनाया गया, उन्होंने सभी विधानसभा में प्रवास किया तथा पुराने कार्यकर्ताओं के बीच जाकर उन्हें पार्टी के कार्य मैं जुट जाने का आह्वान किया, उनके इन्ही परिश्रम से छत्तीसगढ़ में पुनः सरकार बनाने में सफल रही, इसी के चलते पार्टी ने उन्हें योग आयोग का अध्यक्ष बनाया, आज भी वे अन्तिम सांस लेते समय संगठन के कार्य में लगे रहे। वे बिलासपुर के प्रशिक्षण शिविर के प्रभारी के रूप में महति जिम्मेदारी निभा रहें थे। उनके आकस्मिक निधन पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, यतेंद्र देवांगन, गैंदमल भंसाली, महेंद्र जायसवाल, लिलेन्द्र सिन्हा, जयेश ठाकुर, लता गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय,जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, जन भागीदारी समिति के एकलव्य महाविद्यालयअध्यक्ष जसराज शर्मा भाजपा मंडल महामंत्री सुमेद्र देशमुख, दुष्यंत गिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष संदीप लोढ़ा, मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष संदीप भंसाली, पूर्व सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र टॉक, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री कमलेश जैन, उपाध्यक्ष लूणकरण भंसाली, पूर्व पार्षद प्यारेलाल निषाद, पार्षद सुभद्रा टांडेकर, सूर्यकला ठाकुर, शोभा ठाकुर, रेवती कोलियारे, वीर सिंह ठाकुर, शिवानी भंसाली,जीवराखन कौमार्य, दिलीप बाफना, तुकाराम साहू, मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू, सुरेश देवांगन, गिरधारी कोसमा, गोविंद टांक, हेमलाल सिन्हा, अजय बाफना, प्रणय साहू, देव देवांगन, ढाल सिंह साहू सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी है।



## भाजपा में शोक

**जामगांव आर।** समीपस्थ ग्राम कुम्हली निवासी छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का निधन बिलासपुर में हो गया। श्री सिन्हा को 3 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने योग आयोग अध्यक्ष की शपथ दिलाई थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक पारिवारिक पृष्ठ भूमि के रूपनारायण सिन्हा के निधन की खबर से पूरा जामगांव आर, पाटन क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ के सभी चिरपरिचित स्तब्ध है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को योग के माध्यम से निरोग बनाने का संकल्प लेकर कार्य करने वाले रूपनारायण सिन्हा ने ठीक एक साल पूर्व योग प्रचार समिति मार्गदर्शक मंडल गठित कर पाटन ब्लॉक से शिक्षाविद आसकरण जैन और जनपद सभापति प्रणव शर्मा के शामिल किये थे। उल्लेखनीय है कि दीपावली और होली मिलन समारोह में श्री सिन्हा जामगांव आर पहुंचकर अपनो से अंतरंग हुए थे उपहार भेंट किए थे। इनकी तस्वीर अब यादों में रह गई। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ के प्रथम प्रांत प्रचारक स्मृति शेष शांताराम सराफ के अत्यंत करीबी स्वयंसेवक स्मृति शेष बिसौहा राम सिन्हा के घर धमतरी में जन्मे श्री सिन्हा का बचपन संघ के संस्कारों में बीता। पिता स्वयंसेवक थे। 18 साल की उम्र में संघ का प्रशिक्षण लिया और 24 साल की उम्र में प्रचारक बनकर जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। युवावस्था से ही वे सत्यानंद योग परंपरा से जुड़े और स्वामी सत्यानंद सरस्वती से गुरु दीक्षा ली। अध्यक्ष बनते ही उन्होंने योग को गांव–गांव पहुंचाने का संकल्प लिया। उनका कहना था कि प्रदेश के 35–40 हजार योग योग्यताधारियों को शासकीय भर्तियों में पहली प्राथमिकता मिलेगी।

# किसान से बीमा करने के नाम पर 3.50 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बोरी पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

बीमा का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। बोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम हिर्री निवासी हेमंत कुमार साहू खेती-किसानी का काम करता है।

वर्ष 2022 में पीएनबी मेटलाइफ में सुपर सर्वर प्लान के तहत बीमा कराया था। पॉलिसी का एक प्रीमियम जमा करने के बाद आगे की किस्त नहीं भर पाया था। पीड़ित किसान के मोबाईल पर 7 मई को कॉल आया। कॉल करने वाले ने मन्नत वर्मा स्वयं को बताया था। उसने झांसा में लेकर किसान को बीमा पॉलिसी बंद होना की जानकारी दी। दो किस्त जमा करने पर फिर शुरु हो जाने की बात कहा था। इसके बाद करीब 3 लाख 2 हजार रुपए वापस किसान को मिलने का झांसा दिया।

आरोपी ने किसान का आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते की जानकारी लेकर फोटो व्हाट्सएप पर भेजने को कहा। पॉलिसी 2022 में शुरू कराया गया था। किसान के मुताबिक एक अन्य व्यक्ति ने खुद को विजय श्रीवास्तव बताते हुए बैंक खाता नंबर भेजा और पहली किस्त 30 हजार रुपए जमा करने के लिए कहा था।


सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
शिक्षक आवश्यकता
(शिक्षा सत्र 2026/27)

| | |
|---|---|
| चयन | पहले आओ पहले पाओ पद्धति |
| विषय | गणित, जीवविज्ञान, रसायन, भौतिक, सामाजिक विज्ञान अंग्रेजी, हिंदी, संगीत, खेल आदि |
| योग्यता | स्नातक/स्नातकोत्तर न्यूनतम द्वितीय श्रेणी |
| प्राथमिकता | संस्कारित, बीएड, अनुभवी |
| लाभ | प्रशिक्षू अवधि में कार्य व्यवहार कुशलता में खरे चयनित होने पर विशेष पात्रता सुविधा सेवानिवृति पर लाखों का फंड |
| विशेष | विद्यालय से प्राप्त फार्म भरकर संपूर्ण पेपर्स संलग्न कर व्यवस्थापक के पास प्रत्यक्ष जमा करे |
| अंतिम तिथि | 10 जून 2026 |

संपर्क: प्राचार्य / व्यवस्थापक
07826 246704, 9406268237


# बैंक खाते को साइबर ठगों को बेचने वाले मास्टर माइंड समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

म्यूल खाता उपलब्ध कराकर सायबर ठगी करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सुपेला पुलिस और एसीसीयू की टीम ने गिरोह के मास्टरमाइंड ग्राम बिरेतरा जिला बालोद निवासी मनोज कुमार भुतड़ा समेत उसके दो दोस्त केसलुर जिला बस्तर केवल सेठिया, मांझीगुड़ा थाना दरभा सत्यनारायण सेठिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा यह कारोबार चार सालों से अलग-अलग राज्यों के साइबर अपराधियों को खाता बेचा करते थे। पुलिस जांच में पता चला कि अब तक 200 से अधिक म्यूल काता खुलवा चुका है। इनमें इंडसइंड बैंक, आईडीएफसी बैंक, कोटक महेन्द्रा बैंक समेत कई बैंकों के खाते शामिल हैं। खातों में करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन होने की जानकारी पुलिस को मिली है। आरोपियों के पास से 11 पासबुक, 7 एटीएम कार्ड, 3 फिनो पेमेंट किट, 3 आधार कार्ड और एक पैन कार्ड जब्त किया।


सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बकरीद अवकाश की तिथि में बदलाव

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा ईद–उल–जुहा 'बकरीद' पर्व हेतु पूर्व में घोषित अवकाश की तिथि बुधवार 27 मई को संशोधित कर अब गुरूवार 28 मई को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस संबंध में आज आदेश जारी किया गया है।

### आलबरस गांव में पहल निःशुल्क मिलेगा अंतिम संस्कार सामग्री सहयोग

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम आलबरस गांव में सामाजिक सहयोग और मानव सेवा की



अनूठी मिसाल देखने को मिल रही है। गांव में किसी भी परिवार में देवाहसान (निधन) जैसी दुखद परिस्थिति आने पर अंतिम संस्कार हेतु आवश्यक सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस सेवा कार्य के अंतर्गत मिट्टी कार्यक्रम (अग्नि संस्कार) के लिए लकड़ी, छेना एवं एक शव वस्त्र का सहयोग किया जाएगा। यह पहल स्वर्गीय द्वारिका प्रसाद देशमुख (ग्राम पटेल) की स्मृति में यादोराम देशमुख द्वारा शुरू की गई है। गांव में लगाए गए सूचना बोर्ड के माध्यम से ग्रामीणों को इस सामाजिक सेवा की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि दुख की घड़ी में इस प्रकार का सहयोग जरूरतमंद परिवारों के लिए बहुत बड़ी राहत साबित होगा। गांव के लोगों का मानना है कि समाज में इस तरह की सेवाभावी सोच आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करती है। जरूरत पड़ने पर ग्रामीण सशस्त्र बल के जवान बीरेंद्र हरमुख व उसके सहयोगी जे. के. मराठी से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### अफसर ने किया 38 लाख रुपए का गबन



**भिलाई।** गोयल ट्रेडर्स के एरिया सेल्स अफसर ने राशि गबन करने के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि गोयल ट्रेडर्स में एरिया सेल्स ऑफिसर के पद पर राजेश जायसवाल पदस्थ था। कंपनी के चाय पत्ती, सेवई, वाशिंग पाउडर,अन्य पैकेजिंग सामग्री के बेचने से रकम को कंपनी खाते में जमा नहीं किया। आरोपी राजेश जायसवाल ने व्यापारियों से मिले राशि का उपयोग निजी मकान निर्माण और निजी कार्यों में उपयोग किया। जांच के दौरान वर्ष 2020 से वर्ष 2022 तक 26 माह की अवधि में आरोपी ने कुल 38 लाख रुपये का गबन किया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की तलाश में जुटी रही। सूचना मिलने पर बिलासपुर से राजेश जायसवाल को पकड़ा गया है। आरोपी ने स्वीकार किया कि गबन की राशि को मकान निर्माण समेत अन्य कार्यों में लगा दिया। कार्रवाई में जेवरा सिरसा प्रभारी खगेन्द्र पठारे समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### धर्मांतरण के खिलाफ आदिवासी समाज का हुंकार

# दिल्ली समागम से लौटे 556 जनजातीय प्रतिनिधियों का दल्लीराजहरा में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





देशभर के आदिवासी समाज की अस्मिता, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा को लेकर दिल्ली में आयोजित विशाल जनजाति समागम में शामिल होकर लौटे 556 जनजातीय महिला-पुरुषों का सोमवार सुबह दल्ली राजहरा रेलवे स्टेशन में जोरदार और भव्य स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू के नेतृत्व में पुष्पवर्षा कर सभी का अभिनंदन किया गया। स्वागत के दौरान फूल-मालाओं से पूरा स्टेशन परिसर जनजातीय उत्साह और सांस्कृतिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। आगंतुकों के लिए भोजन और पेयजल की विशेष व्यवस्था भी की गई थी।

जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले 24 मई को दिल्ली में आयोजित इस ऐतिहासिक समागम में देशभर से तीन लाख से अधिक जनजातीय समाज के लोग शामिल हुए थे। कांकेर जिले से जिला संयोजक देवेंद्र टेकाम के नेतृत्व में 556 महिला-पुरुषों का दल इस कार्यक्रम में पहुंचा था। पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रतीकों के साथ हुए इस महासम्मेलन ने आदिवासी एकता और पहचान का सशक्त संदेश दिया।

जिला संयोजक देवेंद्र टेकाम ने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच की प्रमुख मांग है कि जो लोग जनजातीय रीति-रिवाज, देवी-देवताओं और गांव की परंपराओं को छोड़कर धर्मांतरण कर चुके हैं, उन्हें अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिलने वाले आरक्षण और शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाहरी तत्व भोले-भाले आदिवासियों को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण करा रहे हैं, जिससे समाज की संस्कृति और गांव की परंपराएं प्रभावित हो रही हैं। समाज अब इसके खिलाफ संगठित होकर आवाज बुलंद कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में डीलिस्टिंग की प्रक्रिया तेज होगी और जो लोग अपनी जड़ों से दूर हो चुके हैं, वे पुनः समाज में लौटेंगे।

**"आदिवासी अस्मिता को मजबूत कर रही सरकार":** स्वागत समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि देश में आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और अधिकारों की रक्षा को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन से जुड़े जनजातीय अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में कार्य हो रहा है तथा धर्मांतरण के मुद्दे पर समाज में व्यापक जागरूकता आई है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित जनजाति समागम ने पूरे देश के आदिवासी समाज को एक मंच पर लाकर सांस्कृतिक चेतना को नई शक्ति दी है।

### हम अपनी संस्कृति और परंपरा नहीं भूलेंगे

दिल्ली समागम से लौटीं संतो बाई दुग्गा ने कहा कि पूरे देश से आए आदिवासी भाई-बहनों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा और संस्कृति के साथ एकजुट होकर समाज की रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जो लोग बहकावे में आकर अपनी परंपरा से दूर हो गए हैं, वे एक दिन फिर अपने समाज में लौटेंगे और समाज उन्हें अपनाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपनी पहचान, संस्कृति और परंपराओं को बचाने के लिए अब पहले से अधिक जागरूक और संगठित हो चुका है।

### इनका रहा विशेष सहयोग

दिल्ली यात्रा और आयोजन में ईश्वर कवाडे, नाग साय तूलखी, जागेश्वर नरेटी, राजेंद्र ध्रुव, विजय पटेल, बलदेव दर्रा, नरेश कोमरे, दुर्गा श्रवण दुग्गा और चैतू आचला का विशेष योगदान रहा।

**ये रहे उपस्थित :** स्वागत समारोह में मुकेश कोड़ो, राकेश द्विवेदी, योगेंद्र सिन्हा, भूपेंद्र श्रीवास, सुरेश जायसवाल, रमेश गुजर, समर्थ लखानी, मुकेश खास, महेंद्र पिपरे, रोहित साहू, राहुल शर्मा, निर्मल पटेल, प्रमोद कुमार, पुरोबी वर्मा, नंदा पसीने, सुनीता भांडेकर, रौशनी यादव, गीता मरकाम, मालती निषाद, अरुणा रामटेके, मोनिका साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# वृहद पौधारोपण और जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

गिरते भू-जल स्तर, बढ़ते तापमान एवं प्रदूषण की समस्या को देखते हुए स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं वर्षा जल संग्रहण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक एवं व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर के नेतृत्व में ग्राम टटेंगा, भरदा, कसही तथा रानीतरई (रोड) में ग्रामीणों के बीच जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों को वृहद पौधरोपण, वर्षा जल संग्रहण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। अभियान के तहत नागरिकों से जनभागीदारी के माध्यम से अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा जल संरक्षण के उपाय अपनाने की अपील की गई। साथ ही उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण एवं जल संचयन की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में भीषण गर्मी और पानी की समस्या और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से अपने परिवार एवं आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए पौधारोपण और जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों की सुरक्षा और देखभाल करना भी सभी की जिम्मेदारी है। शाला विकास समिति सदस्य रिखी राम साहू ने लोगों से विशेष अवसरों पर पौधारोपण कर उसकी रक्षा करने की अपील की। कार्यक्रम में रफीक खान, शगुन राम सिन्हा, कुंदन यादव, धनीराम साहू, ईश्वर देवांगन, लीलाधर, लीलेश्वरी देवांगन, पुष्पा सुधाकर, त्रिवेणी, तीजन, डीलेश्वरी साहू, चंद्रिका बाई साहू, फुलकेना निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# भीषण गर्मी के बीच मनरेगा मजदूरों की मेहनत जारी

**अण्डा।** दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच राम जी मनरेगा के तहत कार्य कर रहे मजदूर दिनभर मेहनत करने के बाद काम बंद होने पर अपने-अपने घरों की ओर लौटते नजर आए। ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही तेज धूप के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मनरेगा कार्यस्थलों पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष मजदूर रोजगार कार्यों में जुटे हुए हैं। गर्मी से बचने के लिए मजदूर सिर पर गमछा और कपड़ा बांधकर काम कर रहे हैं। काम समाप्त होने के बाद मजदूर पैदल, साइकिल एवं अन्य साधनों से गांव की ओर लौटते दिखाई दिए। ग्रामीण मजदूरों का कहना है कि बढ़ती गर्मी के कारण काम करना कठिन हो गया है, लेकिन परिवार के पालन-पोषण के लिए मेहनत करना जरूरी है। दोपहर के समय तापमान अधिक होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मनरेगा कार्यस्थलों पर पीने के पानी, छांव एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मजदूरों को राहत मिल सके।

# राहुल गांधी के बयान के विरोध में भाजयुमो सिकोसा मंडल का प्रदर्शन



**सिकोसा/गुण्डरदेही।** राहुल गांधी के देश विरोधी बयानों और नीतियों के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा सिकोसा मंडल का बड़ा प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के ऊपर राहुल गांधी द्वारा अनुचित व अमर्यादित बयानबाजी करने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा तथा जिलाध्यक्ष गुलशन साहू के दिशानिर्देश में पुतला दहन किया। जिसमें मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, महामंत्री युगल ताम्रकार, कोसाध्यक्ष महेश देवांगन, मोर्चा मण्डल अध्यक्ष महेश माहिलवार, सेवा सहकारी समिती के अध्यक्ष योगेश महिलवार, गणेश्वर भारती, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आशीष कुमार दिल्लीवार, महामंत्री डामन चोरे, शैलेन्द्र साहू व जिला कार्यकारणी युवा मोर्चा उपस्थित थे।

■ कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन, कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी

### ओटेबंद मंडल में कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला



**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ओटेबंद मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के ऊपर राहुल गांधी द्वारा अनुचित व अमर्यादित ब्यानबाजी करने पर मंगलवार को प्रदर्शन कर विरोध जताया है। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत वर्मा, जिला महामंत्री किसान मोर्चा नेमलाल यादव, भाजयुमो अध्यक्ष तुलसी साहू, ओटबंद सरपंच जीवन साहू, उपसरपंच पुखराज निर्मलकर, महामंत्री डिलेंद्र साहू, सारंग चंद्राकर, नेमचंद्र साहू, पूनम साहू, ललित साहू, कुलदीप वर्मा, डोमार सेन, नरेश कुमार साहू, लोकेश साहू, उत्तम साहू, अनूप साहू उपस्थित रहे।

### फोरलेन सड़क पर वाहन की टक्कर से सूचक बोर्ड गिरा...



**अण्डा।** दुर्ग से बालोद रोड में बस स्टेशन चंदखुरी–पीछेगांव फोर लाइन रोड पर एक वाहन की टक्कर से सूचक बोर्ड डिवाइडर के बीचों–बीच गिर गया। घटना के बाद मार्ग पर कुछ समय तक आवागमन प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार टक्कर मारने वाले वाहन को पुलगांव थाना ले जाया गया है। मामले की जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर गिरे बोर्ड को जल्द हटाने की मांग की है, ताकि दुर्घटना की संभावना न रहे।

# कनेरी में पुरुषोत्तम मास महा-महोत्सव में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



विकासखंड के ग्राम कनेरी में पुरुषोत्तम मास महा–महोत्सव संत समागम का लाभ श्रद्धालु उठा रहे है। श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर वैष्णव परिवार द्वारा 18 मई से 26 मई तक चला। इस नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा–अर्चना एवं संतों के दर्शन कर रहे हैं।

■ नौ दिवसीय आयोजन में रामायण पाठ, कथा, संत समागम और सीताराम विवाह महोत्सव बना आकर्षण

महोत्सव के दौरान पूर्व सांसद कांकेर मोहन मंडावी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मेहत्तर नेताम, जनपद पंचायत सदस्य संध्या अजेंद्र साहू, जर्नादन सिंहा, सरपंच कनेरी दिनेश्वरी पन्नालाल सिंहा, रेणुका गजेंद्र, सरपंच भेजा रुद्राणी नेताम एवं उपसरपंच भेजा देव प्रसाद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक आयोजन स्थल पहुंचे। सभी अतिथियों ने संत–महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि एवं शांति की कामना की। मंदिर परिसर में प्रतिदिन वैदिक मंत्रेच्चार, श्रीमद् वाल्मिकी रामायण मूल पाठ, श्रीमद् भागवत पाठ, श्री विष्णुसहस्त्रनाम 108 पाठ एवं श्रीराम रक्षास्तोत्र 1100 पाठ से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। सुबह रुद्राभिषेक एवं श्री शालिग्राम जी का तुलसी अर्चन श्रद्धापूर्वक संपन्न कराया जा रहा है। वहीं बाजार चौक स्थित मुख्य मंच पर प्रतिदिन संगीतमय श्रीरामचरितमानस नवाह पारायण पाठ एवं अभयराम दास महाराज, गोकुल वृंदावन द्वारा हनुमत चरित्र कथा सत्संग आयोजित हुआ। लआयोजन समिति के अनुसार अयोध्या, वृंदावन, चित्रकूट, प्रयागराज, काशी, हरिद्वार, जगन्नाथपुरी, द्वारिका एवं बद्रीनाथ सहित देश के अनेक तीर्थ क्षेत्रें से संत–महात्माओं का आगमन हुआ। विशेष रूप से जगद्गुरु द्वाराचार्य नाभापीठाधीश्वर सुतीक्षणदास जी महाराज वृंदावन धाम की उपस्थिती रही। महोत्सव के अंतर्गत 24 से 26 मई तक मिथिला जनकपुर शैली में आयोजित श्री सीताराम विवाह महोत्सव श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का विषय बना रहा। 25 मई को दोपहर 3 बजे भव्य श्रीराम बारात शोभायात्र निकाली गई तथा रात्रि में विवाह महोत्सव संपन्न होगा। वहीं 26 मई को रामजी कलेवा एवं छप्पनभोग प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान अखंड श्री सीताराम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।

### जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पकड़ा

**भिलाई।** जुआ खेल रहे सात जुआरियों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कसाई मोहल्ला कैम्प-2 निवासी दानिश कुरैशी, 8 नम्बर रोड कैम्प-1 विरेन्दर चौहान,चटाई क्वार्टर कैम्प-2 मो. चांद,अहमद नगर कैम्प-2 मो. जाफर,अण्डा चौक खुर्सीपार रितिक कोलते, कसाई मोहल्ला गुरुद्वारा के पास कैम्प-2 रेहान हुसैन, भिलाई शेख अफरोज शामिल है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### 190 शिविरों के माध्यम से 23 हजार से अधिक ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

# बालोद जिले में जनजातीय गरिमा उत्सव जनभागीदारी अभियान का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान का बालोद जिले में गरिमापूर्ण एवं सफल समापन हुआ। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में यह विशेष अभियान जिला स्तर पर 18 मई से 25 मई तक आयोजित किया गया।

इस दौरान बालोद जिले के सभी विकासखण्डों गुंडरदेही, बालोद, गुरुर, डौंडी और डौंडीलोहारा के अंतर्गत आने वाले कुल 186 चयनित गांवों में कुल 190 शिविरों के माध्यम से 23 हजार से अधिक ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिला। उल्लेखनीय है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राथमिकता के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर आई.ई.सी. कैंपेन चलाकर जनभागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले की थीम पर जमीनी स्तर पर अंतिम व्यक्ति तक संपर्क स्थापित करना था। इसके तहत स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, सेवा संतृप्ति और जनसमस्याओं के त्वरित निवारण जैसी गतिविधियां संचालित की गईं। अभियान के दौरान प्रत्येक चयनित गांव में ट्राईबल डांस, साइकिल रैली, वृक्षारोपण तथा जनसेवा केंद्रों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनी और उचित माध्यम से उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। प्रशासन ने कहा अभियान समाप्ति के उपरांत भी जनजातीय समुदाय के लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
स्पेशल ट्रेन से - 31 अगस्त से 14 सितम्बर 2026 (15 दिन)
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
14 सितम्बर, 26 सितम्बर,
10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411